Dabang Dunia, Indore, Sep 05 2012

चैम्पियनशिप टाइटल के लिए सेंट पॉल चयनित

इंदौर। टाटा कंसल्टेंसी द्वारा टीसीएस आईटी क्विज 2012 का रीजनल राउंड मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। शहर के 6 स्कूलों के 12 विद्यार्थियों ने क्विज में भाग लिया। विद्यार्थियों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी वर्ल्ड से अवगत करने के उद्देश्य से टीसीएस आईटी विज 2012 के रीजनल राउंड 14 शहरों में चल रहे हैं। इसमें हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलुरू, चेन्नई, कोयंबटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली से शामिल किए गए हैं। रीजनल राउंड्स के बाद चेन्नई में दिसंबर में नेशनल फाइनल्स होंगे। इसमें 14 शहरों की विनर टीमों के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के विजेता टीसीएस विज नेशनल चैंपियनशिप टाइटल के लिए लड़ेंगे। टीसीएस आईटी विज 2012 की विशेषता थी कि क्विज मास्टर पिकब्रेन का यह भारत का पहला एनिमेटेड क्विज सॉफ्टवेयर है, जिसका इस्तेमाल ऑडिटोरियम में आयोजित क्विज में किया गया। इसमें पांच राउंड एंग्री नर्डस, ग्रेंड थेफ्ट आंसर, टीसीएस, मैक्स पैन और टोटल कॉम्बैट हुए।

आठवीं से बारहवीं तक के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए क्विज में प्रवेश था। सिलेक्टेड छह टीमों से 20 प्रश्न का एक कॉमन सेट रखा गया था। इसमें मौखिक, विजुअल और ऑडियो विजुअल में प्रश्न थे। छह टीमों को फाइनल में एंट्री दी गई। चोइथराम स्कूल से स्वप्निल रावत व अतुल शुक्ला, एटोमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल से अभिषेक नाइक व पलाश अग्रवाल, कोलम्बिया कॉन्वेंट से मृदुल एस गोले व मुबाशीर खान, डेली कॉलेज से पारितोष गुप्ता व कुबेर बागनी, आर्मी पब्लिक स्कूल से करन वैद्य व जयराज सिंह पॉल और सेंटपॉल स्कूल से पंकज मनचंदा और प्रत्युश सामल ने क्विज में भाग लिया। नेशनल चैम्पियनशिप टाइटल के लिए शहर से सेंट पॉल स्कूल ने बाजी मारी। एटॉमिक एनर्जी स्कूल रनरअप रहा। डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. जयंत सोनवालकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव ने पुरस्कार वितरित किए।